हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री



04 नपा अध्यक्ष ने किया 1 करोड़ के पटपर तालाब...



04 अक्षय तृतीया 19 को, रचाई जाएगी गुड्डा गुड़ियों ...



# जिले के 193 हेक्टेयर में होगी रागी की खेती, बढ़ेगी किसानों की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में कृषि विविधिकरण की नई तस्वीर उभर रही है। किसान परम्परागत धान फसल के साथ-साथ फसल चक्र परिवर्तन को अपना रहे हैं और दलहन, तिलहन एवं लघु धान्य फसलों (कोदो, रागी) की खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर अब अन्य फसलों के साथ-साथ रागी की खेती में बढ़ती भागीदारी से जिले में सकारात्मक बदलाव हो रहा है। यह परिवर्तन न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक बन रहा है बल्कि भूमि की उर्वरता संरक्षण और जल संसाधनों के संतुलित उपयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान रबी सीजन में लगभग 193 हेक्टेयर क्षेत्र में रागी की खेती जिले के किसानों द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत विकासखण्ड भाटापारा के ग्राम सेमराडीह, सिंगारपुर, निपनिया, कुम्हारखान सहित अन्य ग्रामों में रागी की खेती की जा रही है। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता का लाभ देकर वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए निरंतर प्रयास एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है।इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय, कृषि विकास अधिकारी हरीकिशन महिलांग, खिलेश डिन्डेकर एवं मुकेश तिवारी उपस्थित रहे।

### सेहत के लिए फायदेमंद और किसानों के लिए लाभकारी फसल

#### किसानों को दिया तकनीकी मार्गदर्शन

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के मार्गदर्शन में लगाए गए रागी फसल प्रदर्शन का निरीक्षण कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। अधिकारियों ने कृषक नन्दराम वर्मा के खेत में पहुंचकर रागी फसल की वृद्धि, पोषण प्रबंधन की स्थिति एवं उत्पादन संभावनाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, समय पर सिंचाई एवं कीट-रोग प्रबंधन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही रागी जैसी पोषक एवं कम लागत वाली फसल को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया।



#### कुपोषण से लड़ने में कारगर रागी

उल्लेखनीय है कि रागी खाने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इससे बनी रोटियां शुगर, बीपी और कुपोषण जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए फायदेमंद हैं। खासतौर पर कुपोषित बच्चों को रागी खिलाने से पोषण की कमी पूरी हो जाती है। मिलेट (रागी) बदलते मौसम की स्थिति का सामना कर सकता है, कम इनपुट की आवश्यकता होती है, कम अवधि में बढ़ता है और लगभग सभी प्रकार की मिट्टी में अच्छी तरह से ढल जाता है।

### खबर संक्षेप



#### आरंग में सुफल भगत जयंती 19 को

बंगोली। कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजीम राज के तत्वावधान में 19 अप्रैल को आरंग में कंडरा समाज के इष्ट देव संत सुफलभगत की जयंती मनायी जायेगी। मीडिया प्रभारी जगदेव कंडरा बंगोली के जानकारी से संत सुपलभगत जयंती आरंग के शीतला पारा मे संपन्न होगा, साथ ही कंडरा युवक-युवती परिचय सम्मेलन रखा गया है। आयोजन के दौरान आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिरसा मुंडा मांदरी नृत्य जैतपुरी, साक्षी कंडरा ग्रुप खट्टी(पांडुका) नृत्य, गोंड़वाना नृत्य कुरुद, कोयलिया रेला पाठा सिरसिदा तथा एकल व युगल आदिवासी नृत्य की भव्य प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब एवं कार्यक्रम अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा छग राज्यमंत्री दर्जा, डॉ. संदीप जैन नगर अध्यक्ष सहित आरंग नगर पालिका के समस्त सभापति होंगे। आयोजित कार्यक्रम में राजिम राज कंडरा समाज के अध्यक्ष विजय कंडरा, टीकम कटारिया उपाध्यक्ष, लोचन कंडरा(नारी)उपाध्यक्ष, सत्यप्रकाश कंडरा सचिव, भीम कंडरा कोषाध्यक्ष, जगदेव कंडरा, लोचन कंडरा, शिवकुमार कंडरा मिडिया प्रभारी एवं सत्येन्द्र कंडरा, हरिशंकर कंडरा समाज सेवादार है।

#### जनगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**बलौदाबाजार**। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जनगणना कार्य में लगे अधिकारी -कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित किया गया है। इस सम्बन्ध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु 1 से 30 मई तक समय-सीमा निर्धारित है। जिले में जनगणना कार्य में लगे किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। विशेष परिस्थितियों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश आवेदन प्रस्तुति उपरांत अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। पूर्व में कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत अवकाश के प्रकरणों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश हेतु पुनः आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी से अनुमोदन लिया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में अवकाश स्वीकृति मान्य नहीं होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही क्री जाएगी।

#### एडमिशन दिलाने के नाम पर सवा दो लाख ठगे

**रायपुर**। खम्हारडीह थाने में एक युवक ने एक व्यक्ति के खिलाफ एक निजी विश्वविद्यालय के एडमिशन इंचार्ज होने का झांसा देकर सवा दो लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवंति विहार निवासी संजय श्रीवास्तव ने साजी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। संजय ने पुलिस को बताया कि साजी ने उनके परिजनों को अपना परिचय एक यूनिवर्सिटी का एडमिशन इंचार्ज होने का झांसा देते हुए ठगी का शिकार बनाया। साजी ने संजय के छोटे भाई मनीष तथा उसके ममेरे भाई के साथ ठगी की है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : मंत्री गुरु खुशवंत साहब ने दी 20 लाख की सौगात

# गुरुद्वारा धाम कैलाशगढ़ में गूंजी शहनाइयां, 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

मानवता सतनाम सेवा समिति कैलाशगढ़ और एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत एक भव्य सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुरुद्वारा धाम कैलाशगढ़ में आयोजित इस गरिमामय समारोह में सतनामी समाज के 51 जोड़े सादगीपूर्ण तरीके से विवाह के बंधन में बंधे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहब शामिल हुए। उन्होंने नवदम्पत्तियों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद देते हुए फिजूलखर्ची और दिखावे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। समिति की मांग पर मंत्री ने सामाजिक समरसता भवन के निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की घोषणा भी की। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर ▶▶ शेष पेज 02 पर





#### एक साथ निकली 51 बारातें, मेले जैसा रहा माहौल

आयोजन का मुख्य आकर्षण एक साथ निकली 51 दूल्हों की बारात रही। अलग-अलग स्थानों से गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर निकली इन बारातों को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे कैलाशगढ़ क्षेत्र में मेले जैसा माहौल रहा, जहाँ हजारों की संख्या में परिजन और समाजजन पारंपरिक गीतों पर झूमते नजर आए। बारात के स्वागत (परीघनी) के पश्चात सभी जोड़ों को विशाल मंडप में बिठाया गया, जहाँ सामाजिक रीति-नीति और मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंत में महिला एवं बाल विकास परियोजना पलारी द्वारा सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आगंतुकों के लिए समिति द्वारा भोजन की भी उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी।

## किराना दुकान में चोरी करने के आरोप में चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

स्थानीय पुलिस ने ग्राम तुलसी में हुई एक दुकान में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।

रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम कर धारा 331(4), 305(1), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया गया, जिसमें कुछ आरोपी संदिग्ध अवस्था में दुकान के आसपास घूमते पाए गए, जिसके आधार पर विधि से संघर्षरत एक बालक सहित कुल 4 आरोपियों जिनमें आरोपीयों में शादाब खान 29 वर्ष निवासी इमामबाड़ा सिमगा थाना सिमगा, अविनाश सोनकर 19 वर्ष निवासी महामाया पारा सिमगा थाना सिमगा, जीवन खर्सेन 22 वर्ष निवासी मेहरपारा सिमगा थाना सिमगा एवं विधि से संघर्षरत एक बालक को हिरासत में लिया गया। प्रकरण में आरोपियों से 3 सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन तथा घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल जब्त की गई तथा प्रकरण में सभी आरोपियों विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

#### सिलेंडर और तौल मशीन बरामद

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कलीराम निषाद ग्राम तुलसी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 12 अप्रैल की रात्रि 10 बजे वह ग्राम तुलसी स्थित अपनी दुकान में ताला लगाकर चला गया था। दूसरे दिन 13 अप्रैल को सुबह आकर देखा तो दुकान का कुंडी तोड़कर अज्ञात आरोपियों द्वारा दुकान के अंदर रखे 4 सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन एवं नगदी रकम 7000 को चोरी कर लिया गया था।

## नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने युवाओं को ठगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

■ 4.90 लाख रुपये की ठगी का मामला

प्रार्थी नंदकुमार साहू निवासी ग्राम बरेली ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके द्वारा छात्रावास अधीक्षक के पद पर जिला बस्तर के लिए आवेदन किया गया था। साथ ही उसके ग्राम के मित्र अजीत कुमार द्वारा पुलिस मुख्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर पद के लिए आवेदन किया गया था।

इसी दौरान 22 मार्च 2024 को आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके मित्र की नौकरी लगवा देने का लालच दिया और इसके लिए रुपए की मांग की गई। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा षड्यंत्र पूर्वक प्रार्थी एवं अजीत कुमार का रेलवे विभाग में नौकरी लग गयी है कहते हुए फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कुल 4,90,500 रकम लेकर धोखाधड़ी की गई, कि रिपोर्ट पर धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, 34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।





#### आरोपी जेल भेजे गए

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्रवाई करते हुए तथा प्रकरण के प्रार्थी एवं अन्य गवाहों से विस्तृत पूछताछ के आधार पर न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत आरोपी 44 वर्षीय नरेंद्र मनहर और कुनाल उर्फ हीरा दिवाकर निवासी ग्राम तालदेवरी थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके मित्र से शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को 16 अप्रैल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## सब्जी बाजार से बाइक पार, दो आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

स्थानीय पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए रोहांसी सब्जी बाजार से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों में एक युवक और एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है।




पुलिस के अनुसार, प्रार्थी नेपाल दास मानिकपुरी निवासी वार्ड क्रमांक 05 रोहांसी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 मार्च 2026 को उनके मित्र का पुत्र उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 एस 8130 लेकर बाजार गया था। उसने बाइक को बिना लॉक किए सड़क किनारे खड़ा कर दिया और सब्जी खरीदने चला गया। वापस लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया था।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि रोहांसी रोड पर दो संदिग्ध युवक एक पुरानी मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दबिश दी और दोनों संदेहियों को हिरासत में ले लिया।

#### आरोपियों ने कबूला जुर्म

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने सब्जी बाजार से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजेश गेंडरे 30 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरी (स) थाना पलारी और एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल सीजी 22 एस 8130 जब्त कर ली है। दोनों आरोपियों को 16 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### 1 मई से 10 जून तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे

# जन शिकायतों के निराकरण के लिए शुरू होगा सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर इस अभियान सफल आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं।

■ हितग्राहियों से लिया फीडबैक और अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश- सुशासन तिहार अंतर्गत 30 अप्रैल तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय,जाति,निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्जवला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।



#### मुख्यमंत्री करेंगे औचक निरीक्षण

विकास कार्यों का औचक निरीक्षण एवं समीक्षा बैठकें-अभियान के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेसवार्ता को संबोधित किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

#### मौके पर मिलेगा योजनाओं का लाभ

1 मई से 10 जून तक लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर-सुशासन तिहार के अंतर्गत 1 मई से 10 जून 2026 तक जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविर क्री तैयारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही पूरे कार्यक्रम का नोडल अधिकारी, शिविर नोडल अधिकारी भी बनाए जाएंगे।

## प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से मकान में लगे आग पर पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम दामाखेड़ा के एक मकान में गुरुवार को करीब 12 बजे आग लग गई। सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर प्रशासन क्री टीम द्वारा तत्काल फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया गया लेकिन इस आगजनी में मकान जल गया। मकान क्षति का आकलन कर 6 घण्टे के भीतर ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि 1 लाख 20 हजार का चेक एसडीएम अतुल शेट्टे ने दामाखेड़ा जाकर सौंपा। एसडीएम ने बताया कि दामाखेड़ा निवासी हीरालाल वर्मा पिता शत्रुघन वर्मा के मकान में आग लगने क्री सूचना पर ▶▶ शेष पेज 02 पर

■ पीड़ित परिवार को तत्काल पहुंचाया आर्थिक सहायता राशि का चेक

## खबर संक्षेप

### गर्मी में 20 अप्रैल से ग्रीष्म अवकाश के निर्णय का स्वागत

**रायपुर।** माधवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि स्कूली छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर जनहित में लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। विदित हो, श्री मालू ने भीषण गर्मी की तपती धूप में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सभी शालाओं में अवकाश घोषित कराए जाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखा था ,जिसमें श्री मालू ने मुख्यमंत्री श्री साय से अनुरोध किया कि वे इस आशय का महत्वपूर्ण निर्णय लेकर सभी शासकीय एवं निजी शालाओं में अवकाश घोषित कराने हेतु निर्देशित करें ताकि इस भीषण गर्मी में स्वास्थ्य पर होने वाले विपरीत प्रभाव वे स्कूली बच्चों को सुरक्षित किया जा सके। स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए 20 अप्रैल से स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश दिए जाने की घोषणा की गई है।

### सभापति के वाहन पात्रता को लेकर आयुक्त को पत्र

**रायपुर।** नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने निगम आयुक्त विश्वदीप को पत्र लिख सभापति के वाहन की पात्रता के संदर्भ में जानकारी चाही है। उनका कहना है कि नगर निगम के सभापति को वाहन की पात्रता है या नहीं, इसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं। जिससे वाहन के उपयोग के संदर्भ में उनके द्वारा उचित निर्णय लिया जा सके। श्री राठौर ने आयुक्त को लिखे पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि नगर निगम रायपुर द्वारा सभापति को वाहन उपलब्ध कराया गया है। यह व्यवस्था नगर निगम रायपुर में वर्ष 1999 से लागू है।

### संत माता कर्मा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक



**रायपुर।** गुरूवार को संत माता कर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन, विशाल शर्मा,पूर्व पार्षद छाया पार्षद वार्ड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण शामिल हुए । बैठक में बूथ कमेटी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशाल शर्मा हिरेंद्र देवांगन, सहदेव व्यवहार, पल्लवी , राजा बंजारे ,राजू साहू, तुलाराम साहू, अवनेश जोशी, दुष्यंत साहू, शिव जोशी, अशोक बाग, नरेंद्र जांघेल, नीरज शर्मा ,जसमीत सेठी ,सुरेश ढीवर , वरुण चटर्जी सूर्य निर्मलकर तरुण साहू राजेंद्र साहू शामिल रहे।

## पेज 3 के शेष

### गुरुद्वारा धाम ...

अग्रवाल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल को सामाजिक जागरूकता और आर्थिक समानता का प्रतीक बताया।समिति द्वारा आयोजित यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम लगातार दूसरे वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इस आयोजन ने समाज में यह संदेश दिया है कि सादगीपूर्ण विवाह न केवल आर्थिक बोझ कम करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। समिति ने इस सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया है।

### प्रशासन की त्वरित...

नगर पालिका सिमगा एवं अपोलो कंपनी से फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया गया। आगजनी से मकान एवं घरेलू सामान कपड़े बर्तन जल गए। तत्काल कार्यवाही करते हुए आरबीसी 6-4 के अंतर्गत आर्थिक सहायता का प्रकरण बनाकर एवं पटवारी से प्रतिवेदन लेकर 1.20 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत करते हुए ग्राम दामाखेड़ा जाकर चेक के माध्यम से प्रदाय की गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार के अस्थाई रुकने की व्यवस्था अटल समरसता भवन में की गई है।

# सोलर से रोशन गांवों में भी बिजली की लाइन पहुंचाने की तैयारी

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश क्षेत्र के वनांचल के गांवों में जहां अब तक सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की गई थी, अब शीघ्र ही मुख्य बिजली लाइन (ग्रिड) से जोड़ा जाएगा। इससे इन गांवों को अस्थाई सोलर व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी और नियमित, स्थाई बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसका जायजा लेने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। श्री कंवर ने बिलासपुर के कोटा वनांचल क्षेत्र के चार गांवों का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का आकलन किया तथा आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित बिजली अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

- एमडी भीम सिंह कंवर ने किया कोटा वनांचल क्षेत्र के चार गांवों का स्थल निरीक्षण



दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते कोटा वनांचल में स्थित सरगोड़, छुइहया, चिचवा डबरी एवं परसापानी गांवों में पहले सोलर प्लांट के जरिए बिजली पहुंचाई गई थी। किंतु अब बिजली विभाग ने इन गांवों को मुख्य ग्रिड से जोड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध एवं पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने गांवों में पहुंचकर सर्वे एवं तकनीकी निरीक्षण किया।

### स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाएगा

एमडी श्री कंवर ने कहा, सोलर व्यवस्था एक अस्थाई समाधान था, लेकिन अब इन गांवों को मुख्य बिजली लाइन से जोड़कर स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, अब उन्हें सीमित सोलर बिजली पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और वे पंखा, टीवी, मोटर जैसे उपकरणों का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। चूंकि ये गांव घने जंगलों से घिरे हुए हैं, अतः वहां तक बिजली लाइन खींचने के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस की भी आवश्यकता होगी। इस संबंध में अधिकारियों ने श्री कंवर को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने वन विभाग से क्लीयरेंस प्राप्त करने हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि चारों गांवों के विद्युतीकरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान विद्युत कंपनी के अधीक्षण अभियंता एसके जांगड़े, ईई प्रोजेक्ट मिलिंद पाण्डेय, कोटा ईई राजेन्द्र गोंड सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### निजी बिल्डर की ओर से जमा फाइल निगम मुख्यालय न भेजकर सीधे टीएनसी भेज दी गई

# जोन 10 से टीएनसी और मार्ग संरचना अप्रूवल के नाम पर 69 भूखंड की फाइल हो गई गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम में टीएनसी और मार्ग संरचना अप्रवूल के नाम पर 69 भूखंडों की फाइल गायब हो गई है। नगर निगम जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में आरडीए कालोनी से लगे बोरियाखुर्द, ओम नगर, सांई नगर, बिलाल नगर क्षेत्र के भूखंडों से जुड़ा मामला है। यह फाइल जोन कार्यालय से निगम मुख्यालय के बजाय सीधे नगर निवेश विभाग जो आवास एवं पर्यावास विभाग के अधीन होता है, उसे भेज दी गई। मामला सामने आते ही जोन कमिश्नर को मुख्यालय अटैच किया गया है। निगम आयुक्त ने इस मामले की जांच के लिए एक टीम भी बनाई है।

नगर निगम में 100 एकड़ जमीन के कथित घोटाले का मामला सामने आया है, जिससे हड़कंप मच गया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और मार्ग संरचना अप्रूवल के नाम पर नियम-कानूनों को दरकिनार कर फाइलें पास करने और बाद में मूल दस्तावेज गायब होने के आरोप लगे हैं। मामले की प्रक्रिया को बायपास करने 69 खसरा नंबर की फाइलें गायब होने और अधिकारियों-बिल्डरों के मिली भगत जैसे सवाल उठ रहे हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने जोन 10 द्वारा मार्ग संरचना की फाइल को बिना मुख्यालय भेजे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग भेजने पर ऐतराज करते हुए अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाया है।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई सुनिश्चित हो, प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए। यह एक बड़ा मामला है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि जोन 10 के संबंधित अधिकारी और नगर निवेश के अधिकारियों की संलिप्तता से यह खेल खेला गया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने इस मामले को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं, उन्होंने कहा कि जोन 10 का यह मामला 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला है। दलाल, बिल्डर और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह खेल खेला गया है। इसमें नियम और कानून को तिलांजलि दी गई है। मामले की जानकारी होते ही मूल नस्ती गायब कर दी गई। अवैध कालोनियों को अवैध तरीके से वैध करने का एक बड़ा षड़यंत्र है।



- 100 एकड़ जमीन का मामला, बोरियाकला इलाके के ओमनगर, सांई नगर बिलाल नगर क्षेत्र की फाइल

### मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है

इस मामले में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है, गड़बड़ियां सामने आई हैं, हमने इसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। टीएनसी से कराए अप्रूवल को तुरंत निरस्त कर दिया है। मामले की जांच के लिए एक टीम बनाई है, जिसने आज ही रिपोर्ट दी है। एफआईआर भी करा दी गई है।

- विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### प्रक्रिया के बायपास होने पर सवाल, अप्रवूल की प्रक्रिया इस तरह मार्ग संरचना अप्रूवल की प्रक्रिया इस तरह से है

- पहले जोन से फाइल निगम मुख्यालय आती है
- निगम कमिश्नर देते हैं अप्रवूल
- फिर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग यानी टीएनसी विभाग भेजी जाती है।
- टीएनसी से वापस निगम कमिश्नर के पास आती है, और अंतिम अप्रूवल के पास जोन को भेजी जाती है।
- इस मामले में जोन क्रमांक 10 से फाइल सीधे टीएनसी विभाग पहुंचा दी गई। निगम कमिश्नर को पूरी तरह बायपास कर दिया गया। जब टीएनसी से फाइल निगम कमिश्नर के पास आई, तो उन्होंने हैरानी जताई कि संबंधित फाइल उन्होंने अप्रूव ही नहीं की थी। इसके बाद जोन 10 से मूल नस्ती मंगाई गई, तो पता चला मूल फाइल ही गायब हो चुकी है। जोन 10 के नए कमिश्नर ने नस्ती गुम होने का अधिकारिक पत्र भी लिखा है।

# विवि है या दारूबाजों का अड्डा? देर रात पार्टी से प्राध्यापक-छात्र त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पं.रविशंकर शुक्ल विवि इन दिनों दारूबाजों का अड्डा बन गया है। विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न अध्ययनशालाओं में मैदान निर्मित हैं। इसके अतिरिक्त भी कई विवि परिसर में सरोवर, मैदान सहित छात्रों के अध्ययन-अध्यापन के लिए खुली जगह अथवा उद्यान हैं। परिसर में प्रवेश के लिए कड़े नियम नहीं होने के कारण यहां कोई भी आसानी से प्रवेश कर जाता है। परिसर में स्थित पं.रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा के नीचे मध्यरात्रि केक काटे जाने से लेकर यहां मैदानों में बाहरी तत्वों द्वारा बैठकर शराब व नशीले पदार्थों का सेवन सामान्य बात हो गई है। मैदान में प्रतिदिन नशीली सामग्री प्राप्त हो रही है। इसके पूर्व विवि में निर्मित सरोवर में भी इस तरह की शिकायत प्राप्त हुई थी। यहां सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति किए जाने के कारण स्थिति पहले से बेहतर है, किंतु अन्य स्थानों में अब भी पूर्व की ही तरह असामाजिक तत्व देर रात डेरा जमाए रहते हैं। विवि अध्ययनशाला के छात्रों और छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों में भी इसे लेकर रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि कई बार उन्हें खेलने के लिए मैदान नहीं मिल पाता है। बाहर से आए लड़के वहां कब्जा किए हुए रहते हैं। विरोध करने पर विवाद की स्थिति निर्मित होती है पढ़ाई प्रभावित होती है, इस कारण वे भी उच्च स्तर पर शिकायत नहीं करते हैं।

### समाधान करेंगे

विवाद की सूचना प्राप्त होने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। छात्रों से अन्य असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें प्राप्त होने पर उनका भी समाधान करेंगे।

- **प्रो.राजीव चौधरी,** मीडिया प्रभारी, रविवि

### विवाद के बाद उठा मुद्दा

रविवि में बीते दिनों शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष, छात्रों व सुरक्षा गार्ड के साथ बाहरी लड़कों ने झूमाझटकी की थी। वे रविवि अध्ययनशाला के मैदान में आकर खेल रहे थे। रोके जाने पर विवाद की स्थिति निर्मित हुई। रविवि ने पूरे मामले की शिकायत सरस्वती नगर थाने में की है। इस विवाद के बाद रविवि यूटीडी के अन्य विभागों के प्राध्यापक भी सामने आए और उन्होंने बाहरी तत्वों को विवि परिसर से बाहर रखने तथा इस संदर्भ में नियम बनाने की मांग की है। प्राध्यापकों का कहना है कि टीचर्स कॉलोनी भी बाहरी लड़के कई बार देर घूमते मिल जाते हैं। किसी तरह का सवाल किए जाने पर उनके द्वारा दुर्व्यवहार आम बात हो गई है। सूत्रों के अनुसार, शिक्षक संघ अब पूरे मामले में निंदा प्रस्ताव लाने और विवि से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की तैयारी में है।

# जोन 1 में जनगणना प्रशिक्षण पूरा, 120 प्रगणक-पर्यवेक्षकों को ट्रेनिंग, फील्ड सर्वे शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महावीर स्कूल में तीन बैच में प्रशिक्षण
- कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में जनगणना सर्वे

रायपुर नगर निगम जोन 1 में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण एवं फील्ड सर्वे का कार्य इन दिनों चल रहा है।

गुढ़ियारी स्थित महावीर स्कूल में तीन बैच में जनगणना प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देने का कार्य पूरा कर लिया गया है। जोन कमिश्नर और जनगणना चार्ज अधिकारी अंशुल शर्मा सीनियर ने बताया निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर यह प्रशिक्षण तीन अलग-अलग सत्र में आयोजित किया गया, जिसमें 120 प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 20 प्रगणक और पर्यवेक्षक स्वास्थ्यगत कारणों से अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के साथ ही जोन 1 की टीम ने गुढ़ियारी क्षेत्र में जनगणना के लिए फील्ड सर्वे भी किया। इसके तहत जोन 1 की टीम कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में पहुंची, जहां वार्ड पार्षद राजेश कुमार देवांगन के निवास पर भी जनगणना सर्वे किया गया।

# जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संकट, डबल इंजन सरकार का धोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- ठेकेदारों को डेढ़ वर्ष से भुगतान बंद, जनता पानी के लिए तरस रही

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, रायपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में जल जीवन मिशन की योजनाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं। ठेकेदारों को पिछले डेढ़ वर्ष से एक भी पैसा भुगतान नहीं किया गया है, जिस कारण टंकी निर्माण, पाइपलाइन और अन्य कार्य रुके पड़े हैं। ग्रीष्म की भीषण गर्मी में महिलाएं और बच्चे पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार पूरी तरह संवेदनहीन और लापरवाह बनी हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व जनपद सदस्य जयंत साहू, कांग्रेस नेता महेंद्र गुड्डू एवं सेन प्रेम सुल्तान ने गुरुवार को अनिल कुमार बच्चन, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सहायक अभियंता शुभ्रा बघेल के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए रायपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र के सभी अधूरे जल जीवन मिशन कार्यों को तुरंत पूरा करने की मांग की गई।

### इन क्षेत्रों में पेयजल संकट

रायपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र धरसींवा, आरंग, अभनपुर, तिल्दा आदि के कई गांवों में पेयजल की स्थिति अत्यंत भयावह है। सारागांव, बहेशर, मुरेठी, गोमची-परसतराई एवं तर्रा पानी टंकी अधूरा है एवं कनेक्शन बचा हुआ, सकरी बाराडेरा में बोर धस गया, टंकी दो महीने से बंद पड़ी है। वहीं कुछ अन्य गांवों मिशन का कार्य अधूरा है उनमें ग्राम मादाडीह स्रोत ही उपलब्ध नहीं। मोतिमपुरकला में पाइपलाइन बिछाई ही नहीं गई। तरपोंगी में टंकी निर्माण मात्र 50 प्रतिशत पूरा। तुलसी नेवरा में टंकी की फिनिशिंग अधूरी। हथबंध में पानी की टंकी और पाइपलाइन निर्माण अधूरा है।

# आधी रात टिंबर मार्केट में आग से मचा हड़कंप

### निगम की पानी टंकी फूटने की वजह से फायर ब्रिगेड को एम्स से पानी की व्यवस्था करनी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देवेंद्र नगर क्षेत्र के फाफाडीह टिंबर मार्केट में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थिति उस समय विकट हो गई, जब फायर ब्रिगेड की टीम को निगम की जगह पानी की व्यवस्था एम्स अस्पताल से करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड को निगम से पानी नहीं मिलने का कारण निगम की भाठागांव एनिकट स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के हैडर में ब्लास्ट होने की वजह से शहर की 23 पानी टंकियों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पायी। इसके चलते फायर ब्रिगेड को लंबी दूरी तय कर एम्स अस्पताल से पानी लाना पड़ा। पानी की कमी तथा व्यवस्था करने में देर होने की वजह से आग पर काबू पाने में पांच से छह घंटे का समय लग गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पायनियर मार्केटिंग कैलाश टिंबर गोदाम से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। इसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गोदाम में बड़ी मात्रा में लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। इस वजह से आग तेजी से फैलती चली गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं।



### आसपास के रहवासियों को शिफ्ट कराया गया

आग को बेकाबू होते देख मौके पर उपस्थित प्रशासन तथा पुलिस की टीम ने आसपास के रहवासियों को उनके घरों से निकालकर दूसरी जगह शिफ्ट कराया। लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट कराने पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस तथा प्रशासन की मुस्तैदी की वजह से किसी तरह से कोई जनहानि नहीं हुई।

### शॉर्ट सर्किट से आगजनी की आशंका

आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। सुबह तक टिंबर गोदाम में कूलिंग का काम जारी था।

# मादक पदार्थ तस्करी में पुलिस के साथ कोर्ट सख्त तस्कर को 20 साल कैद के साथ पांच लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों को अब कोर्ट लंबी सुनवाई की तारीख देने के बजाय उनकी सुनवाई जल्द पूरी कर सजा सुना रही है। इसके साथ ही पुलिस भी तस्करों के खिलाफ नकेल कसने उनकी धर पकड़ करने के साथ ही कोर्ट द्वारा जारी चालान तामिल कराने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने एक एसीपी को नोडल अफसर नियुक्त किया है। गंज थाना क्षेत्र में साढ़े चार हजार से ज्यादा प्रतिबंधित नींद की गोली तथा कफ सिरप के साथ गिरफ्तार युवक को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की कोर्ट ने 20 वर्ष कैद के साथ पांच लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### चालान तामील करने नोडल अफसर

मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्करों को कोर्ट द्वारा जारी चालान समय पर तामील हो रहा है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करने पुलिस कमिश्नर ने कोतवाली के एसीपी दीपक मिश्रा को नोडल अफसर नियुक्त किया है। इसके साथ ही मादक पदार्थ तस्करी के फरार आरोपियों की जल्द से जल्द पतासाजी कर उनकी गिरफ्तारी करने पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं।

### औसतन हर चार दिन में तीन को सजा

कोर्ट ने फरवरी से मार्च के बीच 51 तस्करों को कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है, उनमें 2 को 20, 13 को 15, 8 को 10, 12 को 5 तथा आठ लोगों को पांच साल से कम कैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही मादक पदार्थ तस्कारी करने के आरोप में आधा दर्जन आरोपियों को कोर्ट ने अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने टिकरापारा, ताजनगर निवासी शेख सरफराज खान उर्फ सोनू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। गंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिछले वर्ष 28 जून को घेराबंदी कर प्रतिबंधित टेबलेट के साथ कफ सिरप जब्त किया था। शेख सरफराज ने किसी दूसरे शहर से प्रतिबंधित टेबलेट के साथ कफ सिरप ट्रेन के रास्ते खरीदकर रायपुर बेचने के लिए लाया था।

# इंटेकवेल के हेडर में ब्लास्ट फटी पाइप लाइन, बड़े इलाके में जल आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरुवार को राजधानी के बड़े इलाके में नगर निगम की जल आपूर्ति ठप रही। नगर निगम की 29 पानी टंकियों में सुबह की पाली में जल आपूर्ति तरह ठप रही, पाइप लाइन मरम्मत कार्य के कारण शाम के समय भी जल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रही। पानी टंकियां सूखी रहने की वजह से इसके विकल्प के रूप में निगम ने प्रभावित इलाकों में टैंकर से पानी भेजने की व्यवस्था भी नहीं की। इससे लोग बेहद परेशान रहे, गर्मी के सीजन में सुबह से बिना सूचना के जल आपूर्ति नहीं होने से लोगों में इस बात को लेकर खासी नाराजगी देखने को मिली। जल विभाग के अधिकारी का कहना है कि इंटेकवेल के हेडर में बुधवार देर रात जोर के ब्लास्ट के साथ पाइन लाइन फट गयी थी, इस वजह से 29 पानी टंकियों से निकासी नहीं हो सकी।

दरअसल, नगर निगम के इंटेकवेल के रॉ क्लीयरिंग वाटर के मेन हेडर में बुधवार रात्रि 1 बजे जोर के ब्लास्ट के साथ पाइप लाइन फट गयी। इस वजह से पानी सफाई के साथ शहर की 29 पानी टंकियों से जल आपूर्ति नहीं हो सकी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सीबीएसई में अपर्णा को मिले 98.2 प्रतिशत अंक

**भाटापारा।** अपर्णा मिश्रा ने सीबीएसई कक्षा दसवीं की परीक्षा में 98.2प्रतिशत अंक प्राप्त परिवार सहित पूरे नगर का नाम रोशन किया है। वे ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा की सुपुत्री हैं। विधायक इन्द्र साव ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भी बधाई दी। इसके अलावा विभिन्न संगठनों एवं नागरिक जिसमें रामरतन मूंधड़ा, तरुण मूंदड़ा, अटल त्रिवेदी, मनीष मिश्रा, अजीत बाजपेयी, अजयकांत शुक्ला अय्युब बांठिया शामिल हैं।

### डीएव्ही पब्लिक स्कूल में प्रवेश 28 तक

**बलौदाबाजार।** जिले में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में प्री प्राथमिक क्री प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन 28 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सकरी, छरछेद एवं टिकुलिया में 8 प्रतिशत निःशुल्क शासकीय कोटा के लिये आरक्षित है, जिसमें प्रत्येक स्कूल में 7 सीट अनुसूचित जति एवं जनजाति वर्ग के बीपीएल श्रेणी के लिए आरक्षित है। इन स्कूलों में प्री प्राथमिक क्री प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि तक आवेदन सम्बधित स्कूल अथवा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यलय में जमा किया जा सकता है।

### विद्यालय दतान प में सीखना सिखाना केंद्र प्रारंभ



**पलारी।** प्राथमिक शाला दतान प में बच्चों के लिए सीखना सिखाना केंद्र की शुरुआत की गई है। शाला प्रधान पाठक किरण ठाकुर के नेतृत्व तथा शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, देवकी ध्रुव,अनीता रात्रे, प्रकाश सेन, शिव कुमार वर्मा, अभिषेक मोहबे, कमलेश साहू, देवेश साहू, श्रवण कुमार साहू के कुशल मार्गदर्शन तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन पलारी की नौरिन कुरैशी के सहयोग से बच्चों के लिए सीखना सिखाना केंद्र की शुरुआत की गई। इसमें बच्चों को बालगीत के द्वारा मौखिक अभिव्यक्ति, गणित तथा हिंदी में अलग अलग गतिविधियों द्वारा एफएलएन की दक्षताओं को प्राप्त करना तथा विभिन्न कलाकृतियां बनाना सिखाया जा रहा है। इस केंद्र के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ उनका शारीरिक तथा रचनात्मक विकास हो रहा है।निश्चित रूप से हम सभी का प्रयास रहेगा कि बच्चों को सीखना सिखाना केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ हो। विद्यालय परिवार का कहना है कि आने वाले दिनों में बच्चों के सर्व विकास हेतु हम सभी अपना पूर्ण प्रयास विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से करते रहेंगे।

### नारकोटिक्स ड्रग डिटेक्शन प्री-कर्सर डिटेक्शन किट पर कार्यशाला

**रायपुर।** नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने पीएचक्यू में गुरुवार को नारकोटिक्स ड्रग डिटेक्शन किट एवं प्री-कर्सर डिटेक्शन किट के उपयोग पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के संयुक्त संचालक डा. एचएस भावरा और वरिष्ठ वैज्ञानी अधिकारी डा. संदीप कुमार वैष्णव ने कार्यशाला के दौरान किट्स के उपयोग का लाइव डेमो दिया।

### निधन

### भूखिन बाई वैष्णव

**पलारी।** ग्राम बम्हनी निवासी भूखिन बाई वैष्णव 85 वर्ष का निधन हो गया। वे कुलेश्वर वैष्णव, शिवनारायण वैष्णव की माताजी एवं गंगा दास वैष्णव की भाभी व नागेंद्र, कोमल, महेंद्र, तेज मोहन, ईश्वर वैष्णव की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नपा अध्यक्ष ने किया 1 करोड़ के पटपर तालाब सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड स्थित पटपर तालाब के कायाकल्प हेतु लगभग 1 करोड़ की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष मोहन बांधे, ओमप्रकाश रात्रे, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया और सभापति बाल गोविंद पटेल मौजूद थे। सभापति कुंजराम कोसले, पार्षद लक्ष्मीकांत टंडन ने पटपर में नियमित जल आपूर्ति तथा सतनामी समाज व हिंदू समाज मुक्तिधाम में शेड निर्माण की मांग पर अश्वनी शर्मा ने सतनामी समाज मुक्तिधाम एवं हिंदू समाज मुक्तिधाम में शेड निर्माण हेतु अपनी अध्यक्ष निधि से तत्काल 5-5 लाख के कुल 10 लाख प्रदान करने की घोषणा की।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि पटपर तालाब का संरक्षण और सौंदर्यीकरण उनके 'ड्रीम प्रोजेक्ट' का हिस्सा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परियोजना का उद्देश्य न केवल जल संरक्षण है, बल्कि शहरवासियों को एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना भी है। इस अवसर पर बडी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

## जल आपूर्ति और मुक्तिधाम में शेड निर्माण की मांग



### रेलवे अंडरब्रिज का होगा कायाकल्प

रेलवे अंडरब्रिज में बीटी (डामरीकरण) एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु राशि स्वीकृत हो चुकी है। वर्तमान में इसकी टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है, जिससे जल्द ही आवागमन सुगम और सुंदर होगा। पटपर नहर के दोनों किनारों पर आधुनिक पाथवे निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। स्वच्छता की नई सौगात नगर की सफाई व्यवस्था को हाई-टेक बनाने हेतु सफाई स्वीपिंग मशीन का भी विधिवत लोकार्पण किया गया।

## आरंग के भैंसा में महिला उद्यमियों के लिए विशेष कार्यशाला

# रैम्प योजना के जरिए अब वैश्विक बाजार से जुड़ेंगी ग्रामीण महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा



छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिला उद्यमियों और स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए खुशी कलस्टर भवन, भैंसा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी रैम्प योजना के तहत और सी एस आई डी सी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को बाजार विकास सहायता प्रदान करना था। चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रा. लि. द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने महिलाओं को उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के गुर सिखाए।कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने महिला संचालित लघु उद्योगों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने, बड़े मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेने तथा ब्रांड प्रमोशन की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के मुख्य सत्र में उत्पादों की पैकेजिंग, लेबलिंग और गुणवत्ता प्रमाणन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया, ताकि स्थानीय उत्पाद वैश्विक मानकों पर खरे उतर सकें।

इसके साथ ही ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से बिजनेस टू बिजनेस और बिजनेस टू कस्टमर के नए अवसरों पर चर्चा की गई, जिससे महिलाएं घर बैठे अपने उत्पादों की बिक्री का विस्तार कर सकें।इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर प्रकृति गौतम और जिला समन्वयक शिवेंद्र यदु ने उपस्थित महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि कैसे सरकारी अनुदान और मार्केट लिंकेज के जरिए वे अपनी स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर सकती हैं। कार्यक्रम में खुशी क्लस्टर की पीआरपी पूनम गोस्वामी, दुलेंश्वरी गायकवाड, कुमारी किरण बंछोर सहित भारी संख्या में उद्यमी महिलाएं उपस्थित रहीं। प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत प्रेरणादायक बताया और विश्वास जताया कि इन नई जानकारियों के माध्यम से वे अपने व्यवसाय को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकेंगी।

# अक्षय तृतीया 19 को, रचाई जाएगी गुड्डा गुड़ियों की शादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अक्षय तृतीया की तिथि को लेकर इस बार कुछ भ्रम की स्थिति बन गई है। कुछ जगहों पर इसे 19 अप्रैल तो कुछ स्थानों पर 20 अप्रैल को मनाने की बात की जा रही है। पंडितों से चर्चा करने पर यह सामने आया कि सामान्य कैलेंडर के अनुसार 19 अप्रैल और देव पंचांग में 20 अप्रैल बताया गया है, लेकिन अधिकांश पंडितों ने 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया मनाने की बात की है। पुरोहित पं. सुरेश कुमार शर्मा का भी कहना है कि अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को ही मनाई जाएगी। इस दिन ज्यादातर लोग बिना मुहुर्त देखे शादी-ब्याह आदि मांगलिक कार्यक्रम कराते हैं। पर्व के करीब आते ही इन दिनों बाजार में पारंपरिक खिलौनों ने बाजार की रौनक और बढ़ा दी है।



नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर मिट्टी के मटके, गुड्डे-गुडियों एवं अन्य सामानों की दुकानें लग चुकी हैं। अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को है, इस दिन भगवान परशुराम जयंती के साथ अक्ती पर्व पर अनेक धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## चरौदा में पोषण पखवाड़ा मनाया गया

**पलारी।** ओडान सेक्टर के अन्तर्गत ग्राम चरौदा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं और बच्चों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुलेश्वरी यादव एवं सहायिका पुष्पा सिन्हा द्वारा संतुलित आहार स्वच्छता एवं बच्चों के विकास संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



## वेदांता हादसा पर मंत्री खुशवंत साहेब ने जताया दुख

**भैंसा।** सक्ती जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट (सिंघीतराई) में हुए दर्दनाक हादसे को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब लगातार उच्च अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के संपर्क में हैं और पूरे घटनाक्रम की लगातार निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने घटना को अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक बताते हुए तत्काल प्रभाव से राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं।



माननीय मंत्री ने इस हादसे में मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बाबाजी से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति प्रकट की है। साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि इस कठिन समय में शासन उनके साथ खड़ा है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उच्च स्तरीय अस्पतालों में रेफर किया जाए तथा उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## सीएम से जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात



**हिरमी रावन।** मंत्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार, महामंत्री संतन दास बांधे, महामंत्री रामकुमार साहू, भालेसुर सरपंच नवीन वर्मा एवं रुवेल सोनवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए शासन की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री साय ने भी ग्रामीण विकास को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए मिलेगा ऋण, आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिये इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत नवीन या विद्यमान माईक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों यथा मसाला उद्योग, मुरमरा (मुर्रा), पोहा, मिनी राईस मिल, राईस मिल, आटा चक्की, पशु आहार उद्योग, दलिया, बेकरी उत्पाद, आचार, पापड़, नमकीन, भुजिया, चिप्स, मिष्ठान निर्माण, जैम जैली, जूस एवं पल्प तथा अन्य फल एवं सब्जी प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख तक प्रति उद्यम है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। आवेदन के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक 63, 71 में संपर्क कर सकते हैं।

■ 35% क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान

## भीम आर्मी ने रक्तदान कर मनाई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े ने ओ-नेगेटिव रक्तदान कर समाज सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी संदेश दिया।

राजकुमार जांगड़े ने अपने ग्राम पंचायत बरभांठा (अ) से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. अंबेडकर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन किया और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके बाद वे ग्राम जोगेसरा पहुंचे, जहां डॉ. अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर जागरूकता पदयात्रा निकाली और ग्रामीणों को 135वीं जयंती की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने



चोरभठी, टाटा, मुड़पार, सरसीवां, तेंदुभाठा और पिकरिपाली सहित विभिन्न गांवों में रोड शो करते हुए लोगों को /"शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश दिया। ग्राम पंचायत पिकरिपाली में ग्रामीणों को मिठाई वितरण कर जयंती की शुभकामनाएं भी दी गईं। कार्यक्रम के पश्चात राजकुमार जांगड़े ने जिला सारंगढ़ स्थित सहयोग ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। इस अवसर पर भदंत भिक्षु धम्म तप, कार्यक्रम अध्यक्ष लैलून कुमार भारद्वाज, भीम आर्मी पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील अनंत एवं रतन जांगड़े सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 7 दिवसीय प्रशिक्षण रायपुर के राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित

# स्काउट-गाइड छात्रों को मिला युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पीएमश्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय के स्काउट-गाइड (रोवर-रेंजर) छात्र-छात्राओं ने युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण में सहभागिता करते हुए आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है।

उक्त प्रशिक्षण 6 से 12 अप्रैल तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र, झांकी (अभनपुर, जिला रायपुर) में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने 7 दिवसीय सघन प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आपदा प्रबंधन जैसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। प्रशिक्षण में सहभागी छात्र-छात्राओं में नम्रता भारती, भाविका साहू, श्रुति कुर्रे, काजल टंडन, मीनल यादव, जियारानी पाल, हिमांशु वर्मा, राज गायकवाड़, राधेश्याम साहू, उत्तम साहू, अमनराज, कुसुम धीवर, याचना धीवर, डिकेश्वरी खूंटे, रोशन कुमार, डॉली देवांगन, दामिनी वर्मा, नैना वर्मा, भूदेव साहू, राम देवांगन एवं रोहनी धीवर शामिल रहे। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता शाहिना परवीन, सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, जयंती साहू, अल्का मिंज श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने हर्ष प्रेरित की।

